डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखी गई पुस्तकों की सूची

samanyagyan.com/hindi/gk-famous-books-written-by-dr-bhimrao-ambedkar

बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर द्वारा लिखी गई प्रसिद्ध किताबें: (List of Famous Books Written by Dr. Bhimrao Ambedkar in Hindi)

भारत को संविधान देने वाले महान नेता डा. भीम राव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू छावनी में में हुआ था। डा. भीमराव अंबेडकर के पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल और माता का भीमाबाई था। अपने माता-पिता की चौदहवीं संतान के रूप में जन्में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्मजात प्रतिभा संपन्न थे। भीमराव अम्बेडकर को एक विश्वस्तरीय विधिवेत्ता, दलित राजनीतिक नेता और भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार के तौर पर पहचाना जाता है।

डा. भीमराव अंबेडकर के निजी पुस्तकालय "राजगृह" में 50,000 से भी पुस्तकें थी और यह दुनिया की सबसे बड़ी निजी लाइब्रेरी थी। डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, फ्रेंच, पाली, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसी 9 भाषाओँ के ज्ञाता थे। वे कुल 64 विषयों के अध्यापक थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढाई की थी। डॉक्टर अम्बेडकर की किताबें वर्तमान में भारत में अबसे अधिक बिकने वाली किताबों में गिनी जातीं हैं। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री, भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार एवं भारत गणराज्य के निर्माता थे। उन्हें मरणोपरांत साल 1990 में भारत सरकार द्वारा भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान '**भारत रत्न**' से सम्मानित किया गया था। डा. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित **भारतीय संविधान** विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। आइये जाने डा. भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित मशहूर किताबों के बारे में:-

डा. भीम राव अंबेडकर द्वारा लिखी गई प्रसिद्ध 18 पुस्तकों की सूची:

पुस्तक का नाम	प्रकाशन का वर्ष
भारत का राष्ट्रीय अंश	1916
भारत में जातियां और उनका मशीनीकरण	1916
भारत में लघु कृषि और उनके उपचार	1917
मूल नायक (साप्ताहिक)	1920
ब्रिटिश भारत में साम्राज्यवादी वित्त का विकेंद्रीकरण	1921
रुपये की समस्या: उद्भव और समाधान	1923
ब्रिटिश भारत में प्रांतीय वित्त का अभ्युदय	1925

बहिष्कृत भारत (साप्ताहिक)	1927
जनता (साप्ताहिक)	1930
जाति विच्छेद	1937
संघ बनाम स्वतंत्रता	1939
पाकिस्तान पर विचार	1940
श्री गाँधी एवं अछूतों की विमुक्ति	1942
रानाडे, गाँधी और जिन्ना	1943
कांग्रेस और गाँधी ने अछूतों के लिए क्या किया	1945
शूद्र कौन और कैसे	1948
महाराष्ट्र भाषाई प्रान्त	1948
भगवान बुद्ध और उनका धर्म	1957